## एक नजर में

### तमिलनाडु चुनाव प्रचार पर आज रहेंगे मुख्यमंत्री

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 अप्रैल को तमिलनाडु में एक दिवसीय चुनावी दौरे पर रहेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव तमिलनाडु की रासिपुरम और अविनाशी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 1.00 बजे भोपाल से कोयंबटूर के रासिपुरम विधानसभा पहुंचेंगे. दोपहर 01.20 बजे रासिपुरम विधानसभा में बैठक लेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सायं 4.30 बजे अविनाशी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी डॉ. एल. मुरूगन के समर्थन में प्रचार करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोयंबटूर से सायं 6.15 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे.

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**शिवपुरी.** जिले के देहात थाना क्षेत्र में पुलिस ने हवाई पट्टी के पास से एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी की पहचान फैयाज खान (19) के रूप में हुई है. उसके पास से एक अवैध देशी रिवाल्वर और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं. देहात थाना पुलिस रात्रि गश्त पर थी, तभी हवाई पट्टी के पास युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ मिला. पूछताछ के बाद तलाशी लेने पर उसके पास से हथियार और कारतूस मिले. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है.

# पानी बचाना हम सबकी जिम्मेदारी–डॉ यादव

▸ राष्ट्रीय स्तर पर तीसरे स्थान पर पहुंचा एमपी

## 'जल गंगा संवर्धन अभियान' से प्रदेश में जल संरक्षण को मिली नई गति

**भोपाल, 20 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाया जा रहा है. पानी बचाना बेहद जरूरी है. यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियां प्रकृति के इस अनमोल वरदान से कभी भी कमी महसूस नहीं करें.**

राज्य में भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच डॉ यादव ने एक वक्तव्य में कहा कि इसके लिए हमें अपने वर्तमान जल



स्रोतों के साथ सूख चुके जल स्रोतों को संरक्षित करना ही होगा. पानी बचाने के लिए प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है. सरकार और समाज के साझा प्रयासों से हो रहे इस अभियान में बीते एक माह में उल्लेखनीय प्रगति हुई है. डॉ. यादव ने सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया है. प्रदेश में संचालित 'जल गंगा संवर्धन अभियान' ने अल्प समय में ही उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है. एक माह पहले 19 मार्च से प्रारंभ हुआ यह अभियान जल संरक्षण, जल संरचनाओं के संवर्धन और जनभागीदारी का एक व्यापक जन-आंदोलन बनता जा रहा है. अभियान के प्रभाव से ही प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर अपनी रैंकिंग सुधारकर अब तीसरे स्थान पर आ गया है. अभियान से पहले मध्यप्रदेश नेशनल रैंकिंग में छठवें स्थान पर था. राज्य सरकार द्वारा आगामी 30 जून तक चलाए जा रहे इस अभियान में 16 विभागों की 58 गतिविधियां नियत की गई हैं. इसके लिए लगभग 6 हजार 278 करोड़ रुपये का वित्तीय लक्ष्य तय किया गया है. इस अभियान में कुल 2 लाख 44 हजार से अधिक जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों को चिन्हित कर लगभग 6 हजार 236 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्यों का क्रियान्वयन किया जा रहा है.

> **नगरीय क्षेत्रों में जल संरक्षण**
>
> नगरीय क्षेत्रों में भी जल संरक्षण को लेकर व्यापक कार्य किए जा रहे हैं. नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा तालाब, कुएं और पुरानी बावड़ियों के संवर्धन, नालों की सफाई और सौंदर्यीकरण तथा रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं. इसके अतिरिक्त तेज़ गर्मी को देखते हुए नगरीय निकायों द्वारा विभिन्न स्थानों पर प्याऊ की स्थापना भी की गई है.



# नौगांव में पारा 44 .3 डिग्री पार

## लू-तपिश से लोगों का जनजीवन प्रभावित

**भोपाल, 20 अप्रैल. मध्य प्रदेश में गर्मी तेजी से खतरनाक स्तर पर पहुंच रही है और अप्रैल में ही मौसम जून जैसी तपिश का एहसास करा रहा है. कई जिलों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया, जबकि नौगांव प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां 44.3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया.**

इसके अलावा मंडला (43.9 डिग्री), खजुराहो (43.4 डिग्री), दतिया, उमरिया और सतना जैसे शहरों में भी भीषण गर्मी दर्ज की गई. बड़े शहरों की स्थिति भी चिंताजनक है. ग्वालियर में 42.4 डिग्री, भोपाल में 41.8 डिग्री, उज्जैन में 41.4 डिग्री और इंदौर में 40.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया. लगातार बढ़ती गर्मी और उमस से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है. मौसम विभाग ने निवाड़ी, टीकमगढ़, पन्ना, कटनी, उमरिया, मंडला और छतरपुर जिलों में हीटवेव (लू) का अलर्ट जारी किया है. इन क्षेत्रों में तापमान 44 डिग्री या उससे अधिक रहने की संभावना है, साथ ही तेज गर्म हवाएं लोगों के लिए परेशानी बढ़ा सकती हैं.

प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों जैसे खरगोन, खंडवा, हरदा, बुरहानपुर, बैतूल और छिंदवाड़ा में हल्के बादल और गरज-चमक देखी गई, लेकिन इससे तापमान में खास राहत नहीं मिली. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ लाइन के कारण यह स्थिति बनी हुई है. 23 अप्रैल के आसपास पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है, लेकिन

> **अधिक गर्मी पड़ने की संभावना**
>
> अगले दो दिन प्रदेश में और अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है, इसलिए सावधानी बेहद जरूरी है. लोगों को पर्याप्त पानी पीने, दोपहर में धूप से बचने, हल्के कपड़े पहनने और सिर ढककर बाहर निकलने की सलाह दी गई है. विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का ध्यान रखना जरूरी है, क्योंकि लू का खतरा लगातार बढ़ रहा है.

# ग्वालियर पहुंचे सीएम और हेमंत खंडेलवाल

## कृषि मंत्री कंसाना की नातिनी की शादी में हुए शामिल

**ग्वालियर, 20 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार की शाम ग्वालियर आए. विमानतल पर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत हुआ. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी ग्वालियर पहुंचे.**

मुख्यमंत्री ग्वालियर में कुछ देर रुकने के पश्चात हैलीकॉप्टर से मुरैना पहुंचे एवं प्रदेश के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना के निवास पहुँचकर उनकी नातिनी दीपिका एवं यतेन्द्र राव राजेश्वर सिंह को विवाह के अवसर पर आशीर्वाद प्रदान किया. मुख्यमंत्री विवाह समारोह में शामिल होने के पश्चात हैलीकॉप्टर से ग्वालियर विमानतल



लौटे. विमानतल पर पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, कमल माखीजानी, पार्षद अनिल सांखला, दीपक शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया. विमानतल पर उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से सत्ता व संगठन से जुड़े विभिन्न सामयिक विषयों पर चर्चा की एवं जरुरी दिशा निर्देश दिए.

# मुख्यमंत्री डॉ . यादव का रीवा एयरपोर्ट पहुंचने पर किया गया आत्मीय स्वागत

**रीवा 20 अप्रैल 2026. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लखनऊ से विमान द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल भी लखनऊ से रीवा पहुंचे।**

रीवा एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री जी का आत्मीय स्वागत किया गया। रीवा एयरपोर्ट में विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री वीरेंद्र गुप्ता, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी हेमंत सिंह चौहान, पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान, प्रभारी कलेक्टर सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर सहित



अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री रीवा में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल हुए और रात्रि विश्राम किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 21 अप्रैल को रीवा एयरपोर्ट से सुबह 10◌05 बजे रीवा से तमिलनाडु के कोयंबटूर के लिए रवाना होंगे।

# ऊर्जाधानी में एक माह तक डेरा डालकर रची बैंक लूट की साजिश

## मजदूर बनकर किराए के मकान में रहे आरोपी, रेकी के बाद वारदात को दिया अंजाम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 20 अप्रैल। जिला मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में बीते शुक्रवार को हुई सनसनीखेज लूट की वारदात में पुलिस जांच के दौरान लगातार चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं। कोतवाली पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार आरोपी कमलेश कुमार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 8 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।**

पुलिस पूछतांछ में आरोपी कमलेश कुमार ने बताया



कि लूट की इस वारदात की योजना करीब एक माह पहले ही तैयार कर ली गई थी। आरोपियों ने ऊर्जाधानी क्षेत्र में बड़ी मस्जिद के पास स्थित बदामी देवी के मकान को किराए पर लिया था। मकान लेते समय उन्होंने खुद को मजदूर बताया, ताकि किसी को उन पर शक न हो। शुरुआत में तीन आरोपी वहां रह रहे थे, लेकिन वारदात से कुछ दिन पहले दो अन्य साथी भी उनके साथ जुड़ गए थे। पूछतांछ में यह भी सामने आया है कि सभी आरोपी रोज सुबह घर से निकल जाते थे और देर शाम तक बैंक और उसके आसपास के इलाके की रेकी करते थे। इस दौरान उन्होंने बैंक की सुरक्षा व्यवस्था, कर्मचारियों की गतिविधियों और आने-जाने के रास्तों का बारीकी से अध्ययन किया। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। ऊर्जाधानी में आरोपियों के ठिकाने की जानकारी मिलते ही पुलिस ने रविवार की देर शाम बदामी देवी के मकान पर पहुंचकर ताला तुड़वाया और अंदर की तलाशी ली। इस दौरान मकान मालकिन से भी पूछतांछ की गई। पुलिस ने मकान से कुछ अहम सुराग जुटाने का प्रयास किया है, जिससे फरार आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिल सकती है। इधर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें बिहार और छत्तीसगढ़ में लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस के अनुसार इस गिरोह में फंटूश उर्फ ननकी-ननकू निवासी नालंदा-बिहार, राजेश कुमार निवासी गिरिडीह, छोटू और पंकज शर्मा निवासी सिंहभूम झारखंड शामिल हैं। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार आरोपी से लगातार गहन पूछतांछ कर रहे हैं। मामले में रोज नए खुलासे हो रहे हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# 28 किलो गांजे के साथ आधा दर्जन पकड़े गये तस्कर

## बिछिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पकड़ा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 अप्रैल, शहर की बिछिया पुलिस ने गांजे की खेप के साथ आधा दर्जन तस्करों को पकड़ने में सफलता हासिल की है. साथ ही 28 किलो 930 ग्राम अवैध गांजा जप्त किया है जिसकी कीमत 4 लाख से अधिक बताई गई है. गांजा तस्करी में उपयोग किये गये वाहन एवं 8 नग मोबाइल फोन भी जप्त किये गये है. आरोपी गांजे की खेप लेकर आ रहे थे. मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबोच लिया.**

प्रशिक्षु आईपीएस. राजीव अग्रवाल थाना प्रभारी बिछिया एवं पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा विक्री करने की मुखबिर की सूचना पर रेड कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्रान्तर्गत



खड्डा रीठी तलाब भीटा के पास पकड़ा. तलाश के दौरान 28 किलो 930 ग्राम गांजा बरामद किया. आरोपियों के खिलाफ धारा 8,20 (ख) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत कार्यवाही कर विवेचना में लिया गया है. पूंछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लम्बे समय से गांजा के कारोबार में जुड़े हुए है.

**पकड़े गये आरोपीगण** -पुलिस ने जांच के मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें अतुल पटेल पिता रामायण प्रसाद पटेल उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम घोपी थाना मनगवा, राधेश्याम कश्यप पिता रामबहादुर कश्यप उम्र 27 वर्ष निवासी जसरीपुर्वा थाना जसपुरा जिला बादा (उ0प्र0), आशीष पटेल पिता रमेश पटेल उम्र 26 वर्ष निवासी घोपी थाना मनगवा, सुशील कुमार जैसवाल पिता स्व0 कमला प्रसाद जैसवाल उम्र 35 वर्ष निवासी पोडी थाना सेमरिया जिला सीधी, अनुज निषाद पिता शिवनारायण निषाद उम्र 22 वर्ष निवासी जसरीपुर्वा थाना जसपुरा जिला बादा (उ0प्र0), राजा जैसवाल पिता मुन्ना जैसवाल उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम पोडी थाना सेमरिया शामिल है.

# शादी का झांसा देकर अगवा करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सीधी 20 अप्रैल, पुलिस मुख्यालय द्वारा गुमशुदा बालक-बालिकाओं की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान मुस्कान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में जमोड़ी पुलिस ने शादी और सुनहरे भविष्य का झांसा देकर अगवा की गई.**

नाबालिग किशोरी को सुरक्षित बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार माह अप्रैल के दूसरे सप्ताह में थाना जमो?ी क्षेत्र से एक नाबालिग किशोरी रहस्यमयी ढंग से लापता हो गई थी। जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी ने किशोरी को अच्छे जीवन, शादी और सुख-सुविधाओं का प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसाया और उसे बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया। आरोपी किशोरी को लेकर राज्य



की सीमाएं लांघते हुए महाराष्ट्र भाग गया था।

**कल्याण (महाराष्ट्र) में दबिश और रेस्क्यू-** विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम को लोकेशन कल्याण (महाराष्ट्र) में मिली। थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित टीम ने तत्काल महाराष्ट्र के लिए कूच किया। टीम ने स्थानीय पुलिस के समन्वय से कल्याण में योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की और आरोपी के चंगुल से नाबालिग किशोरी को सुरक्षित दस्तयाब किया। आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर सीधी लाया गया, जहां उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

**पुलिस टीम की विशेष भूमिका-** 1400 किलोमीटर दूर जाकर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में इस सफल ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, उनि वर्षा यादव, महिला प्रधान आरक्षक कुसुम, आरक्षक नीरज एवं आरक्षक अभिषेक की विशेष एवं सक्रिय भूमिका रही।

# दुधमनिया में कन्या विवाह एवं सामूहिक व्रतबंध संपन्न

## कृष्ण प्रणामी मंदिर के संस्थापक गुंजारी लाल तिवारी ने उठाया सामूहिक प्रतिबंध का खर्च

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 20 अप्रैल, जिले के श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, सत्संग नगर दुधमनिया में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 20 अप्रैल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर कन्या विवाह एवं सामूहिक व्रतबंध संस्कार का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।कार्यक्रम के दौरान सुप्रसिद्ध विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य कन्या विवाह एवं सामूहिक व्रतबंध संस्कार विधिवत संपन्न कराए गए। इस अवसर पर मऊगंज जिले के 45 वर्षीय सूरदास बटुक सहित कुल सात ब्राह्मण बटुकों का उपनयन संस्कार पूर्ण विधि-विधान से कराया गया। संपूर्ण



आयोजन में धार्मिक गरिमा एवं पारंपरिक मान्यताओं का विशेष ध्यान रखा गया।मंदिर के संस्थापक गुंजारी लाल तिवारी द्वारा कार्यक्रम से लगभग एक सप्ताह पूर्व पंपलेट जारी कर सामूहिक व्रतबंध हेतु लोगों से पंजीकरण कराने का आग्रह किया गया था। इसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता सुनिश्चित की।इस पुनीत आयोजन की विशेषता यह रही कि व्रतबंध संस्कार का संपूर्ण खर्च मंदिर के संस्थापक गुंजारी लाल तिवारी ने स्वयं वहन किया। उनके इस सामाजिक एवं धार्मिक योगदान की क्षेत्र में व्यापक सराहना की जा रही है कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में उपस्थित सभी अतिथियों के लिए सुव्यवस्थित एवं भव्य व्यवस्थाएं की गईं। सामूहिक व्रतबंध एवं कन्या विवाह के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए उत्तम जलपान एवं भोजन की व्यवस्था गुंजारी लाल तिवारी के द्वारा सुनिश्चित की गई थी यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज सेवा, सहयोग एवं सामूहिकता की भावना को सुदृढ़ करने वाला भी सिद्ध हुआ। स्थानीय स्तर पर इस आयोजन को प्रेरणादायक पहल बताते हुए इसकी सराहना की जा रही है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति के लोगों का महत्वपूर्ण भूमिका रही.

# पटेहरा गोरियरा के जंगल में भीषण आग, विभाग लापरवाह

▸ आदिवासी परिवारों के घर खतरे में

**सीधी 20 अप्रैल, शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे के अनुसार, पंचायत पटेहरा गोरियरा के जंगल में दोपहर करीब एक बजे भीषण आग लग गई।**

आग की सूचना तुरंत कलेक्टर और वन विभाग को दी गई, लेकिन वन विभाग की टीम समय पर मौके पर नहीं पहुंची। इस बीच मार्ग से गुजरते समय विवेक पांडे व जिलाध्यक्ष बेनाम सिंह ने घटना को देखा और तत्काल पीडि़त परिवारों के साथ मिलकर आग बुझाने में मदद की। मौके पर



पहुंचकर आदिवासी परिवारों के दर्जनों घरों को आग की चपेट में आने से बचाने का प्रयास किया गया, जिसमें कई घरों को सुरक्षित बचा लिया गया। हालांकि, अभी भी जंगल में आग बुरी तरह फैल रही है और स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। रात्रि 8 बजे राजस्व व नगर पालिका की टीम पहुंची है लेकिन खबर लिखे जाने तक आग में कंट्रोल नहीं पाया गया था।

# आवासीय परिसर में अवैध शराब दुकान से बढ़ी परेशानी

## नियमों की खुलेआम अनदेखी, एनसीएल भूमि पर संचालन के आरोप, महिलाओं-बच्चों में भय का माहौल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 20 अप्रैल। जयंत क्षेत्र में आवासीय परिसर के बीच संचालित की जा रही एक शराब दुकान को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। चंदौली क्रमांक-2 की यह दुकान आबकारी नियमों को दरकिनार कर खोली गई है, जिससे क्षेत्र की शांति और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।**

रहवासियों का आरोप है कि दुकान नियमानुसार निर्धारित दूरी के भीतर ही स्थापित की जानी थी, लेकिन नियमों की अनदेखी करते हुए इसे जयंत चौकी के समीप खोल दिया गया। स्थानीय नागरिकों के अनुसार यह दुकान एनसीएल की जमीन पर संचालित की जा रही है, जो पूरी तरह अवैध




है। आरोप है कि कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से इस दुकान का संचालन संभव हो पाया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन और आबकारी विभाग से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मामले को गंभीर मानते हुए एनसीएल प्रबंधन ने भी उपखंड मजिस्ट्रेट को लिखित शिकायत भेजी है। शिकायत में स्पष्ट किया गया है कि बिना अनुमति के उनकी भूमि पर शराब दुकान का संचालन न केवल अवैध है, बल्कि इससे सुरक्षा और कानून व्यवस्था की स्थिति भी बिगड़ सकती है। इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर अब तक कार्रवाई का अभाव लोगों की नाराजगी को और बढ़ा रहा है। शराब दुकान खुलने के बाद से क्षेत्र का माहौल पूरी तरह बदल गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है, जिससे आए दिन विवाद और शोर-शराबे की स्थिति बनती है। महिलाएं और बुजुर्ग घर से बाहर निकलने में असहज महसूस कर रहे हैं, वहीं बच्चों की पढ़ाई पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

> **विभाग के मिलीभगत से नियमों की अनदेखी**
>
> आबकारी विभाग पर भी गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि विभाग की मिलीभगत के बिना इस तरह की अनियमितता संभव नहीं है। लाइसेंस जारी करने में नियमों की अनदेखी और निरीक्षण में लापरवाही के आरोप भी सामने आए हैं। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर दुकान को बंद कराने की मांग की है। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त निगरानी व्यवस्था लागू करने की आवश्यकता जताई है। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कितनी तत्परता दिखाता है और लोगों को राहत कब तक मिल पाती है। फिलहाल इस अवैध शराब दुकान ने क्षेत्र में भय और असुरक्षा का वातावरण बना दिया है।


## नाम परिवर्तन सूचना

मै द्योषणा करता हूँ कि पूर्व मे मेरा नाम शैक्षणिक दस्तावेज मे मेरा नाम IKRAR AHMAD लिखा था। जिसे मै बदल-(सुधार) कर मै अपना नया नाम IKRAR AHAMAD कर लिया हूं कृपया अब से मुझे नये नाम IKRAR AHAMAD S/O IKBAL AHMAD के नाम से जाना एवं पहचाना और संबोधित किया जाये एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाये तथा मेरे निवास का पता-WARD NO 5, AMARCHHI ,DHARAMPUR, PANNA Distt PANNA (M.P.) है।

## कार्यालय नगर परिषद् हनुमना, जिला - मऊगंज (म0प्र0)

Email Id.-cmohanumana@mpurban.gov.in

क्रमांक /1846 / निविदा सूचना / न0परि0 / 2026 हनुमना, दिनांक- 18 .3 .2026

### द्वितीय ऑनलाईन निविदा आमंत्रण - सूचना

नगर परिषद हनुमना, जिला-मऊगंज द्वारा म0प्र0 लोक निर्माण विभाग मे नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म ई-टेण्डरिंग के माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है, एस0 ओ0आर0 दिनांक - 02 अगस्त 2021 (संशोधित) के आधार पर निविदा प्रपत्र "अ" मे दरें आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी बेबसाईट http://mpetender.gov.in से एवं कार्यालय नगर परिषद हनुमना से प्राप्त की जा सकती है । निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधित केवल बेबसाईड पर भी प्रकाशित किया जावेगा ।

| टेंण्डर सिस्टम नंम्बर | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि का एफ.डी.आर. | समय-सीमा | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2026_UAD_496041_1 | मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना फिश पार्लर निर्माण कार्य । | 4,23,000=00 | 4230=00 | 60 दिवस | 2000=00 |

उक्त निर्माण कार्य के निविदा प्रपत्र दिनॉक - 8 .4 2026 को प्रात: 10 .30 से दिनांक - 21 .4 .2026 को सायं 5 .30 तक बेबसाईट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त कर सकेगें ।

(अरुण कुमार त्यागी) मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् हनुमना, जिला - मऊगंज (म0प्र0)

## न्यायालय, आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, श्रम न्यायालय सतना म0प्र0

प्रकरण कमांक 4/25 डब्लू सी वि0

मधु कुशवाहा

- बनाम-

रवि श्रीवास्तव वगैरह

**सूचना-पत्र**

उपरोक्त प्रकरण में आपको / सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अनावेदक रवि श्रीवास्तव के बुलेरो वाहन में चालन के दौरान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी और अनावेदक द्वारा क्षतिपूर्ति धन रु. 6,32,580/- मृतक के आश्रितों में वितरण के लिए जमा कराया है। उपरोक्त प्रकरण में क्षतिपूर्ति धन के वितरण हेतु सुनवाई दिनांक 03 .06 .2026 को नियत की गई है।

अत: जो व्यक्ति/आप कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम की धारा 2 डी के अंतर्गत मृतक के आश्रित हों तो वह सुनवाई दिनांक 03 .06 .2026 को ठीक 11 .00 बजे उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र एवं साक्ष्य नियमानुसार प्रस्तुत करें।

मृतक के आश्रित होने के प्रमाण हेतु स्थानीय मजिस्ट्रेट कलेक्टर या किसी शासकीय विज्ञप्ति अधिकारी द्वारा स्वयं का चित्र सत्यापित करवाकर पहचान हेतु प्रस्तुत करें।

यदि हो तो मृतक के नाबालिग बच्चों को भी साथ ले आवे। साथ ही मृतक के आश्रित का स्थानीय पंचायत या नगर पालिका का प्रमाण पत्र एवं दो गवाह भी ले आवे।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 20 .04 .26 को जारी किया गया।

अदालत की मुद्रा

अभिषेक कुमार त्रिपाठी
आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि0
श्रम न्यायालय सतना म0प्र0